# वन रक्षक आवास बना नौनिहालों के लिए पाठशाला

## वन विभाग के एक ही आवास में संचालित स्कूल और आंगनबाड़ी

- कुछ साल पहले बना स्कूल हो गया क्षतिग्रस्त
- तीन साल में भी भवन की मरम्मत नहीं



**सिलवानी, 5 अगस्त. वन परिक्षेत्र पश्चिम के अंतर्गत आने वाले ग्राम सिमरिया कला में स्थित वन रक्षक आवास नाका स्कूल के बच्चों और आंगनबाड़ी के नौनिहालों के लिए पाठशाला बन गया है. वन रक्षक आवास में स्कूल के बच्चे शिक्षा ग्रहण करने को मजबूर हैं.**

बच्चों को नया स्कूल और आंगनबाड़ी भवन नहीं मिल पा रहा है. मजबूरी में स्कूल और आंगनबाड़ी के बच्चे एक साथ एक छत के नीचे बैठकर शिक्षा ग्रहण कर रहे हैं. वन रक्षक आवास में एक साथ बैठकर अपना भविष्य खोज रहे हैं, लेकिन इसके बावजूद जिम्मेदार शिक्षा विभाग के अधिकारियों से लेकर जिले के अधिकारी भी अपनी जिम्मेदारियों से बचते नजर आ रहे हैं.

सिलवानी मुख्यालय से 32 किलोमीटर दूरी पर स्थित ग्राम सिमरिया कला में स्थित शासकीय प्राथमिक शाला का स्कूल भवन जर्जर हो गया है. जो दूर से देखने पर अच्छा खासा नजर आता है, लेकिन अंदर से इसकी हालत बदहाल है, इतनी कि स्कूल के शिक्षक बच्चों को इस भवन में बिठाने से डरते हैं. स्कूल के 37 तथा आंगनबाड़ी के 47 बच्चे अपनी पढ़ाई वन विभाग नाका के आवास में कर रहे हैं.



शाला भवन क्षतिग्रस्त होने के कारण अब ये उपयोगी नहीं है. बच्चों के साथ कोई अप्रिय घटना ना हो इसलिए हम वन विभाग के नाके में स्कूल को संचालित कर रहे हैं. इस स्कूल की समास्या को लेकर में निरंतर तीन वर्षों से पत्राचार कर रहे हैं.

**नीलमणि शुक्ला,** स्कूल प्रभारी

वरिष्ठ कार्यालय को इस संबंध में अवगत करा दिया है. स्कूल मेंटेनेंस की राशि आते ही मरम्मत कार्य कराया जाएगा. शिक्षकों को कहा है कि सुरक्षित स्थान पर ही शाला का संचालन करें.

**-महजबी सिद्दीकी,** बीआरसी

### दीवारों में दरारें, छत से झांक रहा लोहा

स्कूल भवन की दीवारों में बड़ी-बड़ी दरारें आ गई हैं, सीमेंट उखड़ चुका है. भवन की छत भी कई जगह से टूट टूट कर गिर चुकी है. छत में से गिट्टी गिर रही है और लोहा बाहर झांक रहा है. अंदर से स्कूल किसी खंडहर जैसा दिखाई दे रहा है. इसी स्कूल में बच्चों की कक्षाएं और आंगनबाड़ी लग रही थी. अब हालत इतने खराब हो गए हैं कि शिक्षक इसे बच्चों के लिए उपयोग करने से कतरा रहे हैं. सिमरिया कला में आंगनबाड़ी भवन ही नहीं है. स्कूल के ही एक कमरे में आंगनबाड़ी लग रही थी.

### 3 साल से लगा रहे गुहार

स्कूल के शिक्षक पिछले तीन साल से विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों को भवन की स्थिति बताकर नए भवन के निर्माण की गुहार लगा रहे हैं, लेकिन विभाग के अधिकारी इस ओर ध्यान नहीं दे रहे हैं. अधिकारी बच्चों और उनके भविष्य से खिलवाड़ा कर रहे हैं.

स्कूल तथा आंगनबाड़ी के बच्चों को वन विभाग के आवास में बिठाकर पढ़ाया जा रहा है. स्कूल का भवन खतरनाक होने से इसके बच्चों को नहीं बिठा रहे है.

**-द्रोपदी उइके,** आंगनबाड़ी कार्यकर्ता

पिछले तीन साल से स्कूल भवन जर्जर है. इसका आवेदन हम निरंतर वरिष्ठ अधिकारियों को दे रहे हैं, लेकिन अभी तक अधिकारियों ने ध्यान नहीं दिया है. बीते साल छत से सीलिंग फेन गिर गया था. संयोग से कमरे में बच्चे नहीं थे.

**-बृजमोहन बरकरे,** ग्रामीण

## अनाधिकृत कॉलोनाइजर को नोटिस जारी

**टीकमगढ़.** कलेक्टर विवेक श्रोत्रिय के निर्देशानुसार एसडीएम टीकमगढ़ लोकेन्द्र सिंह सरल द्वारा मप्र ग्राम पंचायत कॉलोनियों को विकास नियम 2014 के अंतर्गत तहसीलदार टीकमगढ द्वारा प्रस्तुत प्रतिवेदन के आधार पर तहसील टीकमगढ अन्तर्गत विकसित हो रही अनाधिकृत कॉलोनियों के भूमिस्वामियों, कॉलोनी विकासकर्ताओं को नोटिस जारी किये जाकर उन्हें सुनवाई का अवसर देकर 15 दिवस में जबाव प्रस्तुत करने हेतु लेख किया गया है. भूमिस्वामी, कॉलोनी विकासकर्ताओं द्वारा प्रस्तुत जबाव का सत्यापन तहसीलदार टीकमगढ से कराया गया. तहसीलदार टीकमगढ़ द्वारा प्रतिवेदन एवं पंचनामा प्रस्तुत कर लेख किया गया है कि निम्न भूमिस्वामी, कालौनी विकासकर्ताओं के द्वारा निम्न खसरा नम्बरों में कालौनी विकसित करने में मप्र ग्राम पंचायत कॉलोनियों को विकास नियम 2014 एवं मप्र पंचायत राज एवं ग्राम स्वराज अधिनियम 1993 की धारा 61 ग, 61घ, के प्रावधानों का उल्लंघन होना प्रतिवेदित किया है.

## एक नजर में



### अवैध परिवहन करते 2 डंपर और 3 ट्रैक्टर जब्त

**बैतूल.** कलेक्टर नरेन्द्र कुमार सूर्यवंशी के निर्देशानुसार जिले में अवैध खनन, परिवहन एवं भंडारण के विरुद्ध विशेष अभियान चलाया जा रहा है. अभियान के तहत खनिज विभाग द्वारा जिले के विभिन्न क्षेत्रों का आकस्मिक निरीक्षण किया गया. निरीक्षण के दौरान 5 अगस्त को मुलताई तहसील अंतर्गत वाहन डंपर क्रमांक एमएच 49 एटी 6006 को खनिज मुरूम का अवैध परिवहन करते पाए जाने पर जप्त कर पुलिस चौकी प्रभात पट्टन की अभिरक्षा में खड़ा किया गया है. इसी प्रकार निरीक्षण के दौरान 2 अगस्त को तहसील बैतूल, चिचोली व आठनेर क्षेत्र में डंपर क्रमांक एमपी 48 एच 3569, ट्रैक्टर क्रमांक एमपी 48 जेडबी 8095, ट्रैक्टर क्रमांक एमपी 48 ए 5552 एवं ट्रैक्टर-ट्राली बिना नंबर को गौण खनिजों के अवैध परिवहन एवं ओवरलोड परिवहन करते पाए जाने पर जप्त कर समीपस्थ पुलिस थानों की अभिरक्षा में खड़ा किया गया है.

### स्वास्थ्य केंद्र में एमटीएस भर्ती की खबर फर्जी

**राजगढ़.** जिले में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों में एमटीएस की भर्ती की एक फर्जी खबर सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रही है. इस खबर में दावा किया जा रहा है कि जिला स्वास्थ्य विभाग द्वारा एमटीएस के पदों पर नियुक्ति के लिए आवेदन मांगे जा रहें हैं. मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. शोभा पटेल ने बताया कि यह खबर पूरी तरह से फर्जी है और जिला स्वास्थ्य विभाग इसका खंडन करता है. मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. पटेल द्वारा बताया गया कि इस तरह की कोई भी भर्ती या नियुक्ति संबंधी सूचना स्वास्थ्य विभाग द्वारा जारी नहीं की गई है. विभाग युवाओं से अपील करता है कि वे इस तरह की फर्जी खबरों से गुमराह न हो और किसी के बहकावे में आकर कोई भी आवेदन कहीं भी जमा न करें. साथ ही किसी भी प्रकार को कोई शुल्क भी अदा न करें. उन्होंने कहा कि आजकल सोशल मीडिया पर कई ऐसे गिरोह काम कर रहें जो लोगों को ठगने का काम करते हैं. विभाग द्वारा किसी भी जानकारी, सूचनाएं, भर्ती अथवा विज्ञापन हेतु विभागीय वेबसाइट अथवा विश्वसनीय समाचार पत्रों के माध्यम से ही प्रसारित की जाती है. उन्होंने कहा कि यदि फिर भी कोई व्यक्ति अथवा वाट्सअप पर किसी के द्वारा कोई मैसेज प्रसारित किया जाता है तो तुरंत विभाग को सूचित करें.

### घटिया गुणवत्ता वाली मूंग गोदाम में डंप

**सागर.** गौरझामर के ग्राम बेरखेरी स्थित श्री बूढे वेयर हाउस के संचालक समर्पित जैन ने सहकारी समिति चरगुंवा तथा सर्वे निरीक्षक पर आरोप लगाते हुए कहा है कि समिति द्वारा उपजाई गई अस्वीकृत और निम्न गुणवत्ता वाली मूंग को वेयरहाउस द्वारा मना करने के बावजूद जबरन दबाव बनाकर भंडारण में रखवाया गया. इस पूरे मामले को लेकर श्री जैन ने लिखित आपत्ति भी दर्ज कराई है और चेतावनी दी है कि यदि शीघ्र ही उस खराब गुणवत्ता की मूंग को भंडारण से नहीं हटाया गया, तो वह उस भंडारण को पूरी तरह अस्वीकार कर देंगे. मिली जानकारी के अनुसार वेयर हाउस संचालक द्वारा पहले ही सहकारी समिति को सूचित किया गया था कि उनके द्वारा लाई गई मूंग नियमित मानकों के अनुसार नहीं है और उसे भंडारण में न रखा जाए. लेकिन इसके बावजूद समिति द्वारा दबाव बनाकर उस मूंग को वेयरहाउस के भंडार कक्ष में रखवाया गया. समर्पित जैन ने 16 जुलाई को पत्र के माध्यम से सहकारी समिति चरगुंवा एवं सर्वे निरीक्षक को एक लिखित पत्र भेजकर सूचित किया था कि गैर मानक मूंग को वेयरहाउस द्वारा अस्वीकार किया गया है.

# भाजपा विधायक ने अपनी सरकार को घेरा

## नशा मुक्ति को जहां गिनीज बुक में मिला स्थान तो विधायक अवैध शराब बिक्री से हैं परेशान

**नवभारत न्यूज**

**सागर 5 अगस्त. नरयावली विधानसभा क्षेत्र में लगातार अवैध शराब विक्रय को लेकर जिला और पुलिस प्रशासन को ज्ञापन के माध्यम से सूचित करने के बाद अब स्थानीय विधायक प्रदीप लारिया ने यह मुद्दा विधानसभा में भी उठा दिया है. एक ओर जहां पुलिस प्रशासन पूरे प्रदेश में नशा मुक्ति अभियान को लेकर गिनीज बुक में अपना नाम दर्ज करा चुकी है तो वहीं अपने विस क्षेत्र में अवैध शराब विक्रय को लेकर विधायक परेशान हैं.**



उल्लेखनीय है कि नरयावली विधानसभा क्षेत्र के गांवों और विशेषकर मकरोनिया क्षेत्र में लंबे समय से अवैध शराब विक्रय की शिकायतें लगातार सामने आती रही हैं. इसे लेकर पिछले माहों के दौरान स्थानीय विधायक श्री लारिया द्वारा पुलिस अधीक्षक और कलेक्टर से मुलाकात कर इस मामले में शिकायतें भी कई बार दर्ज कराई जा चुकी हैं.

उल्लेखनीय है कि पिछले माह से डीजीपी कैलाश मकवाना के निर्देश पर जिला पुलिस प्रशासन द्वारा भी जिले में गांव-गांव नशा मुक्ति अभियान के तहत विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए गए. लेकिन अवैध शराब विक्रय पर कोई रोक नहीं लग सकी. जिला एवं पुलिस प्रशासन से शिकायत के बावजूद भी जब नरयावली क्षेत्र में अवैध शराब विक्रय सतत जारी रहा तो आज विधानसभा में विधायक श्री लारिया द्वारा इस संबंध में प्रश्नकाल के दौरान यह मामला उठाया. जिसमें उन्होने जानना चाहा कि अप्रैल से आज तक इस संबंध में कब-कब कार्रवाई की गई.

नरयावली विधायक श्री लारिया द्वारा अवैध शराब विक्रय को लेकर लगाए गए सवाल के जबाव में उपमुख्यमंत्री, वाणिज्य कर जगदीश देवड़ा ने जबाव दिया कि अवैध शराब विक्रय को लेकर कार्रवाई निरंतर जारी है. पिछले एक वर्ष के दौरान नरयावली विधानसभा क्षेत्र में अवैध शराब विक्रय और निर्माण संबंधी कुल 194 प्रकरण पंजीबद्ध किए गए हैं. कायम प्रकरणों में से 180 प्रकरणों में अपराधियों को न्यायालय द्वारा अर्थदंड से दंडित किया गया है. वहीं दो माह में 40 न्यायालयीन प्रकरण कायम किए गए हैं.



# प्राप्त आवेदनों के निराकरण में कोताही न बरती जाए : कलेक्टर

**नवभारत न्यूज**

**बैतूल, 5 अगस्त. मंगलवार को आयोजित जनसुनवाई में कलेक्टर नरेन्द्र कुमार सूर्यवंशी ने नागरिकों की समस्याएं सुनीं. इस दौरान उन्होंने अनेक समस्याओं का निराकरण मौके पर ही किया.**

कलेक्टर सूर्यवंशी ने जनसुनवाई में प्राप्त आवेदनों का समय सीमा में गंभीरता पूर्वक निराकरण किए जाने के निर्देशित संबंधित विभागीय अधिकारियों को दिए. इस अवसर पर मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत अक्षत जैन ने भी नागरिकों की समस्याएं सुनी. जनसुनवाई में विभागीय अधिकारी, कर्मचारी उपस्थित थे.

जनसुनवाई में भैंसदेही तहसील के ग्राम जामझिरी निवासी राजकुमार ने भूमि पर हुए अवैध कब्जे को हटाए जाने के लिए आवेदन दिया. आवेदक की समस्या को गंभीरता से लेते हुए कलेक्टर सूर्यवंशी ने भैंसदेही तहसीलदार को प्रकरण की जांच कर निराकरण के निर्देश दिए.

ग्राम हरन्या निवासी संजय कुमार पंडोले ने रिहायशी क्षेत्र में स्थित कारखाने से हो रही परेशानी की शिकायत जनसुनवाई में की. प्राप्त आवेदन पर सीईओ जैन ने आमला एसडीएम को तत्काल प्रकरण के निराकरण के निर्देश दिए. ग्राम परासिया निवासी शशि अतुलकर ने न्यायालय के आदेश अनुसार रिकार्ड दुरुस्त करने के लिए आवेदन दिया. जिस पर सीईओ जैन ने मुलताई तहसीलदार को तत्काल प्रकरण के निराकरण के निर्देश दिए. शाहपुर निवासी श्रीराम पात्रीकर ने आवेदन के माध्यम से पेंशन दिलाए जाने की गुहार लगाई.

## मंच ने फूंका प्राचार्य के खिलाफ बिगुल

**आष्टा.** हिन्दू जागरण मंच के तत्वाधान में सांदीपनि विद्यालय के प्राचार्य के खिलाफ नागरिकों ने जोरदार धरना प्रदर्शन किया. मंच के प्रदर्शनकारियों ने विद्यालय प्रबंधन और क्षेत्रीय विधायक के खिलाफ भी तीखी नारेबाजी की. नाराजगी का कारण हाल ही की वह घटना है, जिसमें विद्यालय के कुछ छात्रों के बीच गंभीर मारपीट हुई थी. मंच का आरोप है कि इस मामले में प्राचार्य द्वारा कोई सख्त कार्रवाई नहीं की.

## उपसरपंच पर मास्टर रोल जरिए गबन का आरोप

- जनसुनवाई में की कलेक्टर से शिकायत, जांच की मांग
- परिजनों के नाम से राशि निकालने का आरोप

**चोपना. ग्राम पचायत चोपना के उप सरपंच पर उनके कार्यकाल में मस्टररोल के माध्यम से लाखो के गबन का आरोप लगाया है. इसकी शिकायत जिला कलेक्टर से जनसुनवाई में की है.**

शिकायतकर्ता अशोक राय ने बताया कि उप सरपंच किशोर विश्वास का बड़ा पुत्र मनीष बाहर किसी प्राइमरी कम्पनी में कार्यरत है. फिर भी उनके नाम पर निरंतर मस्टररोल में हाजरी भरकर पैसे का गबन किया जा रहा है. उप सरपंच किशोर विश्वास के परिवार के जितने भी सदस्य है, सभी के नाम पर मस्टर रोल में दर्ज है और उनके नाम से राशि निकाली जा रही है. वहीं उपसरपंच के नाती के नाम अंश मटेरियल सप्लायरर्स पर बिल लगाकर पैसा निकाले जाते है. इनके पास ना तो किसी प्रकार का सामान रेट, गटटी सेन्टीग का सामान उपलब्ध नही है. फिर भी अंश मटेरियल के नाम से रेत गिटटी का वर्तमान में भी बिल लगाकर पैसा का गबन किया जा रहा है. यह सरपंच सचिव के मिली भगत में किया जाता है. ग्राम पचायत चोपना नंबर 1 मे विस्थापित परिवार है. ग्राम पंचायत के ग्राम सभा में इनका नाम दर्ज हैं.

# सात स्कूलों में गायब मिले शिक्षक, सभी को नोटिस

- बीईओ ने स्कूलों का किया औचक निरीक्षण

**बेगमगंज, 5 अगस्त. आज ब्लॉक शिक्षाधिकारी राजेन्द्र श्रीवास्तव ने अपनी टीम के साथ करीब 7 शासकीय स्कूलों का औचक निरीक्षण किया. कई स्कूलों में अव्यवस्था तो कई में शिक्षक गायब मिले. उन्हें शोकॉज नोटिस जारी किए गए हैं.**

ब्लॉक शिक्षा धिकारी राजेंद्र श्रीवास्तव ने बताया कि प्राथमिक शाला घोघरी, अमोली, सुनेटी, घाना, चौका एवं हाई स्कूल कुंडा, पड़रिया राजाधार इत्यादि का औचक निरीक्षण में प्राथमिक शाला घोघरी एवं प्रा. अमोली का जब निरीक्षण किया तो 10.30 बजे से 11 बजे तक तालाबंदी रही कोई भी शिक्षक नहीं आया था. घोघरी में प्राथमिक शिक्षक राधेश्याम अहिरवार एवं राजेश शर्मा अनुपस्थित रहे.

वहीं प्राथमिक शाला अमोली में दोनों अतिथि शिक्षकों सहित शिक्षक हरिसिंह शाक्य भी अनुपस्थित मिले. प्राथमिक शाला चौका में शिक्षक जीवन कौशिक दो दिन से स्कूल ही नहीं आने पर अनुपस्थित मिले. जिन्हें शोकॉज नोटिस जारी किए गए हैं. प्राथमिक शाला सुनेटी की शिकायत की जांच की गई.

# ब्यावरा के शासकीय स्कूल में फिर चोरों ने बोला धावा

## मेन मार्केट में शासकीय क्रमांक 1 स्कूल का मामला

**नवभारत न्यूज**

**ब्यावरा 05 अगस्त. मेन मार्केट में गांधी चौक स्थित एनएच कार्यालय परिसर में संचालित शासकीय प्राथमिक विद्यालय क्रमांक 1 स्कूल में एक पखवाड़े के भीतर चोरी की तीसरी वारदात अज्ञात बदमाशों ने की. ताजा घटनाक्रम में रविवार-सोमवार की रात्रि को अज्ञात बदमाश खिड़की की जाली उखाड़कर यहां से पंखे, किताब आदि चोरी कर ले गये.**




स्कूल प्रबंधन के अनुसार एक पखवाड़े के भीतर यह तीसरी चोरी की घटना होना बताया जा रहा है. रविवार एवं सोमवार की रात्रि को अज्ञात बदमाश द्वारा खिड़की जाली को क्षतिग्रस्त कर भीतर घुसकर छत पर लगा पंखा चोरी कर लिया गया तथा एक कमरे का ताला तोड़कर उसमें रखी किताबे ले गये. पूर्व में भी यहां से सामान एवं किताबे चोरी हो चुकी है. प्रबंधन के अनुसार उनके द्वारा विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों को इससे अवगत करा दिया गया है. तीन बार पूर्व में हो चुकी चोरी इसके पूर्व विद्यालय में 13 जुलाई 2023 की रात्रि में चोरी की घटना हुई थी जिसमें 4 पंखे चोरी कर लिए गये.

### वर्तमान भवन सुरक्षित नहीं

वर्तमान में एनएच कार्यालय के जिस परिसर में क्रमांक 1 स्कूल संचालित है वह भवन काफी पुराना होकर जर्जर अवस्था में है, नपा द्वारा भी भवन का परीक्षण किया जा चुका है जिसमें भी यह बात सामने आई है. इससे शिक्षा विभाग को भी अवगत कराया जा चुका है. परन्तु शिक्षा विभाग के पास अन्य और कोई जगह नहीं है जहां स्कूल को शिफ्ट किया जा सके. हालांकि विभाग का कहना है कि मेन मार्केट में जहां पूर्व में क्रमांक 1 स्कूल संचालित हो रहा था वहां पर मौजूद अतिरिक्त कक्ष में स्कूल लग सकता है.

परेशानी | जिला अस्पताल में बदहाल व्यवस्थाओं की फिर खुली पोल, वाहन पार्किंग बनी बड़ा सिरदर्द

# पोस्टमार्टम रूम तक नहीं पहुंची एंबुलेंस, कंधे पर उठाकर लाए शव

**नवभारत न्यूज**

**गुना 5 अगस्त. जिला अस्पताल परिसर में अव्यवस्थाओं का आलम इतना बदतर हो चुका है कि मृतकों को भी इज्जत से विदाई नहीं मिल पा रही. सडक हादसे में जान गंवाने वाले एक व्यक्ति का शव जब पोस्टमार्टम के बाद एंबुलेंस में ले जाना था, तो परिजनों को खुद शव कंधे पर उठाकर ले जाना पड़ा. वजह यह रही कि पोस्टमार्टम रूम तक एंबुलेंस नहीं पहुंच सकी.**

अस्पताल परिसर में बेतरतीब वाहन पार्किंग और जाम की स्थिति ने फिर एक बार अस्पताल प्रबंधन की कार्यशैली पर सवाल खड़े कर दिए हैं.



घटना के अनुसार खडगपुरा निवासी जयराम सिंह (60) की सोमवार को एक सडक हादसे में मौत हो गई थी. बताया गया कि वह बैंक से पैसे निकालने गुना आए थे और लौटते समय मैजिक वाहन से गिरकर घायल हो गए थे. बाद में अस्पताल लाने पर डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया. शव को पोस्टमार्टम रूम में रखा गया, जहां मंगलवार सुबह पोस्टमार्टम किया गया. इसके बाद जब शव को एंबुलेंस में ले जाना था, तो वाहनों की भीड़ के कारण एंबुलेंस पोस्टमार्टम रूम तक नहीं पहुंच सकी. मजबूरन परिजनों ने शव को खुद उठाकर मुख्य सडक तक पहुंचाया, जहां एंबुलेंस खड़ी थी.

अस्पताल में पार्किंग को लेकर कई बार शिकायतें और मीडिया में खबरें सामने आ चुकी हैं, लेकिन व्यवस्था में सुधार की कोई ठोस कोशिश अब तक नहीं हुई है. नतीजा यह है कि गंभीर मरीजों को ले जाने वाली एंबुलेंस हों या शव वाहन सभी को जाम में फंसने की नौबत आती है. घटना के बाद परिजनों ने गहरी नाराजगी जताई और कहा कि कम से कम मृतकों को सम्मानजनक विदाई देने के लिए सुविधाएं सुनिश्चित की जाएं.

### वाहनों की भरमार बनी परेशानी की जड़

जिला अस्पताल परिसर में लंबे समय से पार्किंग व्यवस्था अस्त-व्यस्त है. नियमानुसार चार पहिया वाहन अंदर नहीं आने चाहिए, लेकिन निजी गाडियां, ऑटो, निजी एंबुलेंस और कई बार असंगठित रूप से खड़े वाहन परिसर को जाम किए रहते हैं. पार्किंग शुल्क वसूलने के बावजूद न तो व्यवस्था बनती है और न ही वाहनों की आवाजाही पर नियंत्रण होता है. अस्पताल के मुख्य भवन से लेकर पुलिस चौकी, रेडक्रॉस भवन और मैटरनिटी वार्ड के आसपास वाहन बेतरतीब खड़े रहते हैं.

# हाईटेंशन लाइन के साये में कर रहे काम

- एक दिन पूर्व निर्माणाधीन मेडिकल कॉलेज में हो चुकी घटना, नहीं जागा प्रशासन

**नवभारत न्यूज**

**राजगढ़ 05 अगस्त. जिला मुख्यालय राजगढ़ में निर्माणाधीन मेडिकल कॉलेज में सोमवार को हाईटेंशन लाइन की चपेट में आने से एक मजदूर गंभीर रुप से झुलस गया. बावजूद इस घटना से सीख नहीं लेते हुए समीप निर्माणाधीन नर्सिंग कॉलेज में भी मजदूर यहां से गुजर रही हाईटेंशन लाइन के सांये में काम करने को मजबूर है.**

विदित है कि मेडिकल कॉलेज का निर्माण कार्य चल रहा है. परिसर से हाईटेंशन लाइन गुजर रही है. सोमवार को यहां काम कर रहा एक मजदूर हाईटेंशन लाइन की चपेट में आने से गंभीर रुप से झुलस गया जिसे बाहर रेफर किया गया है. इस घटना के बाद भी निर्माण कार्य करा रहा पीआईयू पीडब्ल्यूडी विभाग नहीं चेता, करीब 500 मीटर की दूरी पर निर्माणाधीन नर्सिंग कॉलेज परिसर से भी हाईटेंशन लाइन गुजर रही है, इसके आसपास ही चल रहे निर्माण कार्य में मजदूर काम कर रहे है जिससे हमेशा किसी अनहोनी का डर बना रहता है.



सेफ्टी से संबंधित निर्देश हमारे विभाग द्वारा दिए जाते है. कार्यवाही जो भी होगी वह पुलिस की और से होगी.

**भिक्या परमार, कार्यपालन यंत्री पीआईयू राजगढ़**

---

मैं आवश्यक बैठक में हूं. लेबर इंसपेक्टर भी अवकाश पर है. मेडिकल कॉलेज की घटना की उचित जांच की जाएगी.

**सौरभ कुमार गुप्ता, श्रम अधिकारी राजगढ़**